नेशनल मीन्स–कम–मेरिट स्कॉलरशिप (N.M.M.S.)

परीक्षा 2021

निर्देशिका

एनएमएमएस प्रकोष्ठ

शैक्षिक सर्वे, शोध, मूल्यांकन एवं नीति परिप्रेक्ष्य विभाग

RSCERT, उदयपुर–313011

मुख्य संरक्षक
माननीय श्री गोविन्द सिंह डोटासरा
शिक्षा राज्य मंत्री (स्कूल शिक्षा)
राजस्थान सरकार, जयपुर

संरक्षक
श्रीमती अपणा अरोड़ा (IAS)
प्रमुख शासन सचिव
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर

श्री सौरभ स्वामी (IAS)
निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

मुख्य मार्गदर्शक
प्रियंका जोधावत (RAS)
निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

मार्गदर्शक
श्री ललित शंकर आमेटा
संयुक्त निदेशक, RSCERT, उदयपुर

परामर्शद्
श्री धर्मेन्द्र कुमार जोशी
उप निदेशक, RSCERT, उदयपुर

प्रभारी अधिकारी
कपिला कंठालिया
एसोसिएट प्रोफेसर
शैक्षिक सर्वे, शोध, मूल्यांकन एवं नीति परिप्रेक्ष्य विभाग,
RSCERT, उदयपुर

प्रभारी एवं सम्पादक

श्री रोहताश
असिस्टेंट प्रोफेसर
शैक्षिक सर्वे, शोध, मूल्यांकन एवं नीति परिप्रेक्ष्य विभाग,
RSCERT, उदयपुर

डॉ. अशोक कुमार बैरवा
असिस्टेंट प्रोफेसर
शैक्षिक सर्वे, शोध, मूल्यांकन एवं नीति परिप्रेक्ष्य विभाग,
RSCERT, उदयपुर

आमुख

नेशनल मीन्स–कम–मेरिट स्कॉलरशिप योजना राष्ट्र की एक प्रमुख केन्द्रीय प्रवर्तित छात्रवृत्ति योजना है। इसका शुभारम्भ भारत सरकार द्वारा वर्ष, 2008 में किया गया था। NMMS परीक्षा अल्प आय वर्ग हेतु आयोजित की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति दिए जाने के लिए उपयुक्त विद्यार्थियों का चयन करने के उद्देश्य से परीक्षा का आयोजन करने हेतु राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.1 (16) शिक्षा–1/प्राशि/2008, जयपुर दिनांक 13.5.2008 द्वारा निदेशक रा.रा.शै.अ.प्र.सं., उदयपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। NMMS परीक्षा एक स्तरीय होती है। इसके आधार पर निर्मित जिला स्तरीय वरीयता सूची में प्रत्येक जिले को आवंटित कोटा अनुसार स्थान प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कक्षा–8 उत्तीर्ण प्रतिभाशाली योग्य 5471 विद्यार्थियों को प्रति वर्ष रू. 12000 की दर से छात्रवृत्ति राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक नियमित रूप से अध्ययनरत रहने पर व भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्ड एवं शर्तों के पूर्ण होने पर प्रदान की जाएगी। गत वर्ष NMMS परीक्षा 2020 में 49,736 विद्यार्था प्रविष्ट हुए और उम्मीद करती हूँ कि यह संख्या इस वर्ष और बढ़ेगी इस हेतु परिषद् द्वारा प्रत्येक जिले में जिला शिक्षा अधिकारी की मांग के अनुरूप केन्द्र बनाये जा रहे हैं। परीक्षा के आयोजन एवं अभिलेखन में विशेष सतर्कता एवं सावधानी रखने की आवश्यकता है। परीक्षा के समयबद्ध, सुव्यवस्थित संचालन हेतु यह निर्देशिका निर्मित की गई हैं यह निर्देशिका केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा योजना, परीक्षा के प्रारम्भ से लेकर अंत तक की प्रक्रिया, वीक्षकों एवं विद्यार्थियों के निर्देश के साथ–साथ बाह्य पर्यवक्षक व जिला स्तरीय नोडल अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय) के कार्य एवं निःशक्त अभ्यर्थियों हेतु विवरण की जानकारी उपलब्ध कराएगी। मैं समस्त जिला शिक्षा अधिकारी केन्द्राधीक्षकों, प्रधानाचार्यों आदि से अपेक्षा करती हूँ कि वे इस नेशनल मीन्स–कम–मेरिट स्कॉलरशिप योजना का अधिक प्रचार–प्रसार करेंगे, जिससे अधिक छात्र प्रेरित हो सकें व प्रतिभाशाली व पात्र विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

मैं NMMS प्रकोष्ठ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस निर्देशिका का निर्मित करने के लिए बधाई देती हूँ आशा है कि यह निर्देशिका केन्द्राधीक्षकों के द्वारा परीक्षा संचालन में एवं परीक्षा से संबद्ध अधिकारियों के लिए सहायक होगी।

प्रियंका जोधावत
आर.ए.एस.
राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी NMMS परीक्षा
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर

(शैक्षिक अनुसंधान, सर्वे, आकलन एवं नीति परिप्रेक्ष्य प्रभाग)

नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कोलरशिप (NMMS) परीक्षा 2021

केन्द्र प्रायोजित योजना "एनएमएमएस" मई 2008 में शुरू की गयी थी। यह मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 8 में उनके ड्रॉप आउट को रोकते हुए माध्यमिक स्तर पर अध्ययन जारी रखने को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृति प्रदान करना है। राज्य सरकार, सरकारी सहायता प्राप्त और स्थानीय निकाय स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये प्रति वर्ष 12000 रूपये (1000 रू प्रति माह) की छात्रवृति प्रदान की जाती है। सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के लिये छात्रवृति का एक निर्धारित कोटा है। ऐसे विद्यार्थी जिनके अभिभावकों की सभी स्रोतों से पैतृक आय राशि 1,50,000रू. से अधिक नहीं है, छात्रवृति प्राप्त करने के लिये पात्र है। इसमे राज्य सरकार के मानदण्डों के अनुसार आरक्षण है। छात्रवृति के लिये छात्रों का चयन राज्य सरकारों द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र इस योजना के तहत छात्रवृति पाने के हकदार नही है। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में पढने वाले के छात्र जहां बोर्डिंग, लोजिंग और शिक्षा जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती है और निजी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र भी इस योजना के तहत छात्रवृति के लिये पात्र नहीं है।

एनएमएमएस उद्देश्य

मई 2008 में पहल की गयी एनएमएमएस छात्रवृति का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपनी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा को पूरा करने के लिये प्रेरित करना है। ताकि कक्षा 8 के बाद स्कूलों की ड्रॉप आउट दर मे सुधार हो सके। प्रत्येक वर्ष, कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी की राज्य स्तर पर चयन परीक्षा हाती है। चयन के बाद कक्षा 9–12 के नियमित राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी NMMS छात्रवृति के लाभों को प्राप्त करते है।

एनएमएमएस पुरस्कार

एनएमएमएस मे चयनित विद्यार्थियों को 12000 रू प्रति वर्ष यानि 1000 प्रतिमाह की दर से छात्रवृति मिलती है। एनएमएमएस छात्रवृति के तहत छात्रवृति की राशि का भुगतान स्टेट बैंक ऑफ इडिया द्वारा एकमुश्त किया जाता है। राशि को सीधे ही विद्यार्थियों के खातों में PFMS द्वारा स्थानांतरित किया जाता है। प्रत्येक राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को आवंटित छात्रवृति की संख्या संबंधित राज्यों में कक्षा 7 एवं 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी व उन राज्यों की जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। एनएमएमएस राशि का विवरण निम्नानुसार जारी किया जाता है।

1. NSP पोर्टल पर पंजीकरण उपरांत कक्षा 9 के विद्यार्थियों को नियमानुसार एक शैक्षणिक वर्ष के लिये, एक बार में 12000 रू प्रति वर्ष की छात्रवृति राशि मिलती है।
2. विद्यार्थी की उसकी उच्च माध्यमिक शिक्षा (कक्षा 12) के पूरा होने तक हर साल छात्रवृति का नवीनीकरण NSP पोर्टल पर किया जाता है, बशर्ते उम्मीदवार हर साल उच्च कक्षा में तय प्रतिशत से प्रोन्नति प्राप्त करें।

पात्रता मापदंड

भारत के केवल मेधावी और जरूरतमंद छात्रों के लिए लागू यह मीन्स कम मेरिट छात्रवृति योजना सभी आवेदको को निम्नलिखित पात्रता शर्ते पूरी करने की उम्मीद करती ह, जो छात्रवृति प्रदान करने के लिए चयन परीक्षा के लिए पात्र है।

- उम्मीदवार जो इस एन एम एम एस छात्रवृति के लिए आवेदन करना चाहते है, उन्हें कक्षा 7 से स्पष्ट उतीर्ण होने के बाद कम से कम 55 प्रतिशत या समकक्ष ग्रेड प्राप्त कर, कक्षा 8 में नियमित छात्रों के रूप में अध्ययनरत हाना आवश्यक है।
- उम्मीदवार को सरकारी/स्थानीय निकाय/सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों से शिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है।
- उच्च माध्यमिक स्कूल में छात्रवृति जारी रखने के लिए उम्मीदवार को कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा कम से कम 60 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

- कक्षा 12 में छात्रवृति जारी रखने के लिए, छात्रवृति प्राप्तकर्ता को 55 प्रतिशत अंक या समकक्ष के स्कोर के साथ पहले ही प्रयास में कक्षा 11 से स्पष्ट उतीर्णता मिलनी चाहिए। एस सी/एसटी वर्ग से संबंधित छात्रों के लिए अंको में 5 प्रतिशत की छूट दी गई है।
- अभिभावक/माता–पिता की वार्षिक 1.5 लाख से अधिक नही होनी चाहिए।

विवरण	पात्रता की शर्तें
कौन आवेदन कर सकता है।	कक्षा 8 में नामांकित छात्र
कक्षा 7 में न्यूनतम योग्यता अंक	55 प्रतिशत (50 प्रतिशत आरक्षित वर्ग के लिए) अथवा कक्षा 7 में प्रथम परख, द्वितीय परख, तृतीय परख तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक जो 55 प्रतिशत या अधिक हो। (आरक्षित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत)(केवल सत्र 2019–20 के लिए)
अभिभावक/माता–पिता की वार्षिक आय	यह 1.5 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए
छात्रवृति की निरंतरता के लिए आवश्यकताएँ	• उम्मीदवार को प्रत्येक वार्षिक परीक्षा में 55 प्रतिशत (5 प्रतिशत आरक्षित वर्ग के लिए) प्राप्त करना आवश्यक है। • कक्षा 10बोर्ड में 60प्रतिशत (55 प्रतिशत आरक्षित वर्ग के लिए) प्राप्त करना आवश्यक है।
कौन आवेदन करने के योग्य नही है?	1. जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल के छात्र 2. राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में पढने वाले छात्र जहाँ बोर्डिंग, लॉजिंग और शिक्षा जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाती है। 3. निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र

महत्वपूर्ण तिथियाँ

इस मेरिट कम मिन्स छात्रवृति परीक्षा के लिये दिनांक 18–01–2021 से दिनांक 02–02–2021 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

NMMS आवेदन प्रक्रिया

NMMS की आवेदन प्रक्रिया दो चरणो में पूर्ण होती है–

1. **NMMS परीक्षा के लिए आवेदन**– परीक्षा के लिए संस्था प्रधान को ऑनलाइन आवेदन शालादर्पण के माध्यम से करना होगा। ऑनलाइन आवेदन कर PEEO/CRC विद्यालय को फारवड करना है। परीक्षा शुल्क PEEO/CRC को विद्यालयवार यूपीआई ऐप/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/बैंक चालान के माध्यम से जमा कराना है। यह शुल्क PEEO द्वारा जमा होगा तथा शुल्क जमा होने के बाद आवेदन का फाइनल सबमिट होगा। आवेदन करने के बाद हार्डकॉपी निकाल कर आवश्यक दस्तावेज लगाएँ। यह परीक्षा केवल एक ही बार होती है तथा छात्रवृत्ति चार वर्षों तक मिलती है। मूल आवेदन PEEO अपने पास सुरक्षित रखें।
2. **छात्रवृत्ति के लिए आवेदन**– परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 में प्रवेश लेने के बाद NSP (नेशनल स्कोलरशिप पोर्टल) पर पंजीकरण कराना होगा तथा कक्षा 12 तक हर वर्ष नवीनीकरण कराना होगा।

NMMS आवेदन पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज

NMMS आवेदन पत्र के साथ छात्रों को कुछ दस्तावेज संलग्न करने होते हैं। सभी दस्तावेज को स्कूल के संस्थाप्रधान द्वारा सत्यापित करें तथा फार्म के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेजो की जाँच करें। इस छात्रवृति का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होता है इसलिए विद्यार्थी के सभी दस्तावेजों जसे आधारकार्ड, बैंक विवरण, शालादर्पण और विद्यालय रिकोर्ड में सभी जानकारियां जैसे नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान कर लेवें कोई भी जानकारी बेमेल (मिसमेच) होने पर छात्रवृत्ति का लाभ नही मिलेगा।

- कक्षा 7 की अंकतालिका/प्रमाण पत्र (केवल राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत, अनिवार्य)/प्रमाण पत्र योग्यता के सम्बन्ध में पात्रता की दृष्टि से
- जाति प्रमाण पत्र
- माता–पिता का आय प्रमाण–पत्र (अनिवार्य)
- विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू होता है)
- राजस्थान का मूल निवास
- आधार कार्ड

रिजल्ट

- एक बार छात्र चयन परीक्षा में उपस्थित हो जाते हैं तो प्रत्येक जिला उन छात्रों सूची घोषित करता है, जिन्होंने प्रत्येक परीक्षा में कम से कम 40 प्रतिशत अंको के MAT साथ SAT व को उत्तीर्ण किया है। एनएमएमएस के लिए छात्रों की अंतिम सूची का चयन करते समय जिन स्थितियों पर विचार किया जाता हैं, उन्हे नीचे देखें
- नियमा के अनुसार आवेदको को प्रत्येक परीक्षण यानि MAT और SAT में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने चाहिए। हालांकि आरक्षित श्रेणियों के लिए अंकों में छूट हैं। उनके लिए इस एनएमएमएस छात्रवृत्ति से लाभ पाने के लिए कट ऑफ अंक 32 प्रतिशत हैं। साथ ही आवेदको को कक्षा 8 की अंतिम परीक्षा में कम से कम 55 प्रतिशत अंक समकक्षा ग्रेड प्राप्त करने चाहिए। इसमें SC/ST श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए 5 प्रतिशत अंकों की छूट हैं।
- उम्मीदवार को एनएमएमएस का लाभ उठाने के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करना चाहिए।
- NMMS योजना में राजस्थान राज्य का कोटा 5471 है। अतः छात्रवृत्ति की पात्रता के लिए इसकी मेरिट में आना आवश्यक है। राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण देय है।

परीक्षा पैटर्न

हालांकि एनएमएमएस–एक केन्द्रीय सरकार की योजना है। इसका चयन प्रत्येक राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश द्वारा अपने संबंधित विद्यार्थियों के लिए किया जाता है। इन परीक्षणों में एक मानसिक योग्यता परीक्षण और एक शैक्षिक योग्यता परीक्षण और एक शैक्षिक योग्यता परीक्षण शामिल हैं। जिनके दिशा–निर्देश एन सी ई आर टी द्वारा निर्धारित किए गये है। आवेदकों की 90 मिनिट की अधिकतम समय अवधि में प्रत्येक टेस्ट पूरा करना होगा। हालांकि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को टेस्ट पूरा करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय दिया जाता है। इस राज्य स्तरीय परीक्षा के बारे में विवरण आगे दिया गया है।

एनएमएमएस परीक्षा पैटर्न

क्र.स.	विवरण	विवरण
1.	मानसिक क्षमता परीक्षण (MAT)	• यह परीक्षण 90 बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की तर्क क्षमता और आलोचनात्मक सोच की जांच करता है। अधिकांश प्रश्न समानता, वर्गीकरण, संख्यात्मक श्रृंखला, पैटर्न धारणा, छिपे हुए आंकडे आदि जैसे विषयों पर आधारित हो सकते है। • साथ हो हिन्दी एवं अंग्रजी भाषा के ज्ञान की भी जांच की जाती है।
2.	शैक्षिक योग्यता टेस्ट (SAT)	• SAT में विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और गणित के विषयों के 90 बहुविकल्पीय प्रश्न होते है। • शिक्षा मंत्रालय सरकार के निर्देशानुसार एनएमएमएस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं है। लेकिन इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम कक्षा 7 व 8 के स्तर का होगा। • कक्षा 7 का गत वर्ष का पाठ्यक्रम (जो विद्यार्थी का पढा हुआ है) सम्मिलित है तथा कक्षा 8 का इस सत्र (2020–21) संक्षिप्तिकत पाठ्क्रम प्रभावी होगा।

परीक्षा शुल्क

1. **सामान्य वर्ग 50रू. और आरक्षित वर्ग (SC/ST/निःशक्तजन)के लिए 30रू. उक्त शुल्क ऑनलाइन ऐप/नेट बैंकिंग द्वारा जमा करवाना होगा। नकद या अन्य माध्यम से शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
2. **परीक्षा शुल्क संस्था प्रधान द्वारा नकद राशि मं पीईईओं को जमा कराना है। पीईईओं अपने क्षेत्र की राशि विद्यालयवार ऑनलाइन जमा करवाकर आवेदन सबमिट करेंगे।**
3. **शुल्क जमा करवाने का लिंक –** ***https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=3022159***

अधिक जानकारी के लिए शाला दर्पण पोर्टल पर अवलोकन करें।

https://rajshaladarpan.nic.in/sd3/NMMS/Home.aspx

Email-hod.dsm.siert@rajasthan.gov.in

प्रश्न पत्र

उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक से पिछले वर्षों के एनएमएमएस प्रश्न पत्र आसानी से डाउनलोड कर सकते है।

http://rajshaladarpan.nic.in/SDI/NMMS/questionpapers.aspx

परीक्षा आयोजन की पूर्व तैयारी

1. सम्बन्धित संस्थाप्रधान शालादर्पण से प्रवेश पत्र डाऊन लोड कर नियत स्थान पर फोटो लगाकर विद्यार्थी के हस्ताक्षर कराएं व नियत स्थान पर अपने हस्ताक्षर कर सील लगाएं। परीक्षा भवन में मूल प्रवेश पत्र लेकर जाना है।
2. विद्यार्थियों को नमूना OMR SHEET भरना सिखाएं।
3. प्रवेश पत्र की डुप्लीकेट प्रति विशेष परिस्थितियों में संस्था–प्रधानों के आग्रह पर दी जाए। डुप्लीकेट प्रति आवेदन पत्र की सूचना के आधार पर केन्दाधीक्षक स्वयं बनवाएँ।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा प्राप्त प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पत्रकों की सुरक्षा एवं गोपनीयता का सम्पूर्ण ध्यान रखें।
5. केन्द्राधीक्षक परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व परीक्षार्थियों हेतु बैठक व्यवस्था कराएँ। साथ ही सफाई, जल, शौचालय (छात्र–छात्राओं हेतु पृथक–पृथक) व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराएँ। फर्नीचर उपयुक्त स्तर के हों।
6. (अ) निःशक्त अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार श्रव्य सहायक यंत्र/व्हील चेयर/क्रेचेज/आवर्धक लेन्स/टेलर फ्रेम/अबेकस/ब्रेल लेखन उपकरण आदि उपयोग में ले सकेंगे जिनकी व्यवस्था स्वयं अभ्यर्थी को करनी होगी।
   (ब) अस्थि एवं स्नायु निःशक्तता वाले परीक्षार्थी हेतु बैठक व्यवस्था भूतल पर की जाए। निःशक्त परीक्षार्थियों हेतु उपयुक्त फर्नीचर एवं समुचित बैठक व्यवस्था की जाए।
   (स) निःशक्तता वाले परीक्षार्थी हेतु रेम्प/व्यवस्था की जाए जिससे परीक्षार्थी बिना किसी कठिनाई के परीक्षा कक्ष तक पहुँच सके।
7. कक्षा–कक्ष में श्याम–पट्ट पर बैठक व्यवस्था के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का लेखन कार्य न हो।
8. परीक्षा से पूर्व वीक्षकों को परीक्षा भवन में प्रवेश से लेकर पैकेट बनाने की प्रक्रिया तक के करणीय कार्य की जानकारी व पालना हेतु निर्देश दें।
9. सभी अध्यापक/कर्मचारियों से परीक्षा में निकट सम्बन्धी के भाग नहीं लेने का शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में भरवाएँ।
10. यह भी सुनिश्चित कराएँ कि किसी अध्यापक/कर्मचारी का कोई निकट सम्बन्धी परीक्षा में प्रविष्ठ हो रहा हो तो उसे परीक्षा सम्बन्धी कोई भी कार्य नहीं सौंपा जाए तथा उसे परीक्षा के दिन केन्द्र पर न बुलाएँ।

परीक्षा हेतु विभिन्न दरें (राशि)–

कार्य
यात्रा भत्ता राज्य सरकार के नियमानुसार।
केन्द्राधीक्षक–100 रू. मानदेय।
वीक्षक / पर्यवेक्षक–60 रू. प्रति व्यक्ति।
परीक्षा प्रभारी–60 रू. प्रति व्यक्ति।
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग–20 रू. प्रति व्यक्ति (100 परीक्षार्थियों तक, 100 से अधिक होने पर एक अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)मानदेय
उड़न दस्ता सदस्य–100 रू. एक दिन
परीक्षा कार्य देखने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी –200 रू. एक मुश्त
बाह्य पर्यवेक्षक मानदेय रू. 80 एक दिन
फटकर व्यय 500 रू. प्रतिकेन्द्र

- कोविड दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा से पूर्व विद्यालय को सेनिटाइज करना है तथा एक कक्ष में 20 परीक्षार्थीयों की बैठक व्यवस्था करनी हैं।
- चार कक्षों पर एक पर्यवेक्षक देय है। जिन कक्षों में एक से अधिक वीक्षक लगाए जाएँ उन पर पर्यवेक्षक देय नहीं है।
- एक अतिरिक्त वीक्षक को आरक्ष अथवा परीक्षा प्रभारी के रूप में कार्य हेतु लगाया जा सकता है।
- फुटकर राशि (यथा स्टेशनरी, चपड़ी, गोंद, पोस्टेज आदि) में राजकीय नियमानुसार व्यय करें एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र संलग्न करें।
- फुटकर राशि का व्यय सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमानुसार करें व बाउचर संधारण करवाएँ।
- आवंटित बजट का व्यय विवरण जी.ए. 19 बनाएँ एवं व्यय विवरण की एक प्रतिलिपि आरएससीईआरटी,उदयपुर भिजवाएँ मूल वाउचर्स परीक्षा केन्द्राधीक्षक विद्यालय में ही रखें। व्यय की गई राशि का पेमेन्ट ऑनलाइन किया जाएगा।
- परीक्षा सामग्री परीक्षा के पश्चात् आरएससीईआरटी में जमा कराने हेतु लाने वाले वाहक का वास्तविक व्यय भी व्यय विवरण में सम्मिलित किया जाए।
- व्यय विवरण भी परीक्षा सामग्री के साथ अनिवार्यतः लावें जिसमें विद्यालय हैड का कोड, (I.F.M.S. ऑफिस I.D.) I.F.S.C. Code,बैंक का नाम, बैंक खाता संख्या स्पष्ट लिखें जिससे व्यय की गई राशि समय पर ऑनलाइन की जा सके। निरस्त बैंक चेक की प्रति संलग्न करें।
- **नोटः– NMMS परीक्षा से सम्बन्धित प्रपत्र इस निर्देशिका में दिये गये है, आवश्यकता होने पर प्रिन्ट निकाल लेवें।**

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक
(जिला स्तरीय नोडल अधिकारी) के लिए परीक्षा आयोजन सम्बंधी "निर्देश"

नेशनल मीन्स–कम–मेरिट स्कॉलरशिप योजना राष्ट्र की एक प्रमुख छात्रवृत्ति योजना है। इसका शुभारम्भ भारत सरकार द्वारा वर्ष 2008 में किया गया था। यह एक केन्द्र प्रवर्तित योजना है व अल्प आय वर्ग हेतु आयोजित की जाती है। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर द्वारा नेशनल मीन्स–कम–मेरिट स्कॉलरशिप (NMMS) परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस परीक्षा का आयोजन करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर को राज्य सम्पर्क अधिकारी (लाइजन ऑफिसर) नियुक्त किया गया है। राज्य सम्पर्क अधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक को जिला स्तर नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। इस परीक्षा में कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी बैठ सकेंगे तथा जिनके प्रश्न–पत्र कक्षा 7 व 8 (राजस्थान पाठ्यक्रम) के स्तर के होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेंगी। अतः निम्नलिखित निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं।

1. प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा व गोपनीयता के लिए केन्द्राधीक्षकों को पाबंद करे।
2. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकता अनुसार मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को बाह्य पर्यवेक्षक नियुक्त कर।
3. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक से परीक्षा संचालन एवं परिवीक्षण में सहयोग ले।
4. यह सुनिश्चित करे कि आपके जिले का कोई भी योग्य परीक्षार्थी जिसने निर्धारित प्रक्रियानुसार निश्चित अवधि में निर्धारत प्रपत्र में आवेदन किया है एवं पात्र पाए जाने की स्थिति में वह परीक्षा देने से वंचित न रह जाए। एनएमएमएस छात्रवृत्ति योजना का प्रचार–प्रसार करें और छात्रों का पूर्ण सहयोग करें।
5. परीक्षा प्रारम्भ होने के तीन दिन पूर्व एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना व सम्पर्क माध्यम की सूचना अखबार से प्रसारित करें।
6. परीक्षा उपरान्त सभी केन्द्रों से उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्र एवं प्रवेश पत्रों के बण्डल, व्यय विवरण केन्द्राधीक्षक समग्र प्रतिवेदन, अनुपस्थित परीक्षार्थियों के नामांक मयनाम सूची पत्रक, मय अन्य आवश्यक प्रवत्रों को वाहक स्तर पर उसी दिन अनिवार्यत जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो की परीक्षा सामग्री एक साथ जिला नोडल केन्द्र प्रभारी माध्यम से आरएससीईआरटी, उदयपुर पहुँचाये।
7. इस परीक्षा के संचालन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें अन्यथा आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवही की जाएगी।
8. आपके जिले में बनाए गए परीक्षा केन्द्रो पर आप परीक्षा का संचालन, प्रबोधन एवं परिवीक्षण करेंगे।
9. एनएमएमएस परीक्षा हेतु अगर अन्य परीक्षा केन्द्र बनाए जाते है यो परीक्षा केन्द्र परिवर्तित किए जाते है तो परीक्षा हेतु राजकीय विद्यालयों को ही परीक्षा केन्द्र बनाएँ क्योंकि निजी विद्यालय की वह राशि का भुगतान सभंव नही हैं।

संस्थाप्रधान हेतु दिशा–निर्देश –

1. कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एनएमएमएस परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए संस्थाप्रधान अपनी शाला दर्पण आई–डी से पोर्टल ओपन कर विद्यार्थी को सलेक्ट करें।
2. संस्थाप्रधान सम्बन्धित विद्यार्थी की चाही गई अर्हताओं को उसके दस्तावेजों से प्रमाणिकरण (Verify) करें। यदि दस्तावेजों की जाँच में कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो संस्था प्रधान इसके लिए जिम्मेदार होंगे।
3. संस्थाप्रधान विद्यार्थी के दस्तावेजों से यह सुनिश्चित कर लें कि शाला दर्पण पर भरी गई सूचना सही है।
4. विद्यार्थी के निम्नांकित सभी दस्तावेज प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर ले कि वह पात्र है, तदुपरान्त ही आवेदन पत्र ऑनलाईन करें। यह आवेदन फाइनल सबमिट के लिए PEEO/CRC को फॉरवर्ड करना है।

- जाति प्रमाण पत्र (लागू होने पर आवश्यक)
- 7 th की अंकतालिका/प्रमाण पत्र (राजकीय विद्यालय से उत्तीर्ण)। कक्षा 7 में न्यूनतम उत्तीर्णता प्रतिशत

  सामान्य वर्ग – 55%

  अनु.जाति/अनु.जनजाति/ निःशक्तजन हेतु – 50%
- कक्षा 7 में प्रथम परख, द्वितीय परख, तृतीय परख तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक जो 55 प्रतिशत या अधिक हो। (आरक्षित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत) (केवल सत्र 2019–20 के लिए)
- निःशक्तजन प्रमाण पत्र (निःशक्तता–40% या अधिक एवं लागू होने पर आवश्यक)
- आय प्रमाण में अभिभावक/माता–पिता की समस्त स्त्रोतों से प्राप्त आय (1,50,000रू. से अधिक नहीं)

- आधार कार्ड प्रति (स्वंय द्वारा प्रमाणितं)

5. आवेदन पत्र भरते समय दी गई प्रविष्ठियों में किसी प्रकार का परिवर्तन होने पर शाला दर्पण पर विद्यार्थियों की प्रोफाईल अपडेट अवश्य करें। आवेदन पत्र पूर्ण करने के बाद संस्थाप्रधान सुनिश्चित कर ले इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं रह गयी है।
6. संस्थाप्रधान को ऑनलाइन आवेदन शालादर्पण के माध्यम से करना होगा। ऑनलाइन आवेदन कर PEEO/CRC विद्यालय को फारवर्ड करना है।
7. संस्था प्रधान को विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क लेकर पीईईओ को नकद राशि में देना है।
8. परीक्षा शुल्क PEEO/CRC द्वारा विद्यालयवार ऑनलाइन यूपीआई ऐप/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करानी है। शुल्क जमा होने के बाद आवेदन का फाइनल सबमिट होगा। आवेदन करने के बाद हार्डकॉपी निकाल कर आवश्यक दस्तावेज लगाएँ।
9. आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर संस्थाप्रधान व विद्यार्थी के हस्ताक्षर करवाये जायें।
10. मूल आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के साथ संस्थाप्रधान PEEO को जमा कराएँ। PEEO विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र 5 वर्ष तक व अचयनित अभ्यर्थियों के आवेदन के पत्र 1 वर्ष तक सुरक्षित रखे जाये।
11. सभी संस्थाप्रधान यह सुनिश्चित कर ले कि विद्यार्थी कक्षा 7 में राजकीय विद्यालय से उत्तीर्ण हैं, तथा वर्तमान में कक्षा 8 में राजकीय विद्यालय में नियमित अध्ययनरत है।
12. विद्यार्थी के एनएमएमएस से सम्बन्धित किसी भी प्रकार सूचना, सूचना के अधिकार के तहत मांगे जाने पर विद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। अतः समस्त आवेदन पत्र मय दस्तावेज विद्यालय स्तर पर संधारित करें।
13. समस्त अद्यतन सूचना के लिए शाला दर्पण पोर्टल का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे।
14. विद्यार्थी का फोटो लेकर आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर लगाकर संस्थाप्रधान प्रमाणित करें तथा प्रवेश पत्र जारी होने पर उस पर भी समान फोटो लगाना सुनिश्चित करावें।
15. प्रवेश–पत्र पर विद्यार्थी के हस्ताक्षर एवं फोटो संस्थाप्रधान द्वारा प्रमाणित किया जाना सुनिश्चित करें।
16. विद्यार्थीं के नाम, जन्म तिथि और पिता के नाम में आधार कार्ड, विद्यालय रिकॉर्ड और शाला दर्पण में वर्तनी आदि की दृष्टि से अन्तर नहीं होना चाहिए।

संस्थाप्रधान द्वारा प्रमाणीकरण

एनएमएमएस परीक्षा 2021

नाम विद्यालय .....

ब्लॉक ..... जिला .....

क्रमांक ..... दिनांक .....

..

::– प्रमाणीकरण ::–

यह प्रमाणित किया जाता है कि स्थानीय विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी जिन्होंने **एनएमएमएस परीक्षा 2021** के लिये शाला दर्पण पर आवेदन किया है, सभी विद्यार्थियों से .....(संख्या) से आवश्यक दस्तावेज प्रमाणित कर संधारित कर लिये गये है। आवश्यकता होने पर जिला नोडल/ जिशिअ मा. मुख्यालय एवं राज्य (आरएससीईआरटी) को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इन विद्यार्थी से प्राप्त कोई भी दस्तावेज अपूर्ण नहीं है। एनएमएमएस परीक्षा में चयनित होने वाले विद्यार्थियों के आवश्यक प्रमाणित दस्तावेज 5 वर्ष तक तथा अचयनित विद्यार्थियों के दस्तावेज 1 वर्ष तक PEEO विद्यालय में सुरक्षित रखे जायेंगे।

विद्यालय में रखे जाने वाले दस्तावेज

आवेदन पत्र की हार्ड कांपी
सातवी की अंकतालिका
जाति प्रमाण पत्र
आय प्रमाण पत्र
निःशक्तता प्रमाण पत्र
आधार कार्ड।

एनएमएमएस परीक्षा में प्रविष्ट विद्यार्थियों का ब्यौरा

क्र. स.	कुल प्रविष्ट विद्यार्थी			एस सी			एसटी			दिव्यांग			जनरल		
	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग

हस्ताक्षर
एनएमएमएस प्रभारी का नाम–
पद मय मो.न.....

हस्ताक्षर
संस्थाप्रधान नाम मय मो.न.....
विद्यालय की सील.....

पीईईओ द्वारा प्रमाणीकरण
एनएमएमएस परीक्षा 2021

नाम PEEO विद्यालय ..... डाइस कोड.....
ब्लॉक ..... जिला .....
क्रमांक ..... दिनांक .....

::– प्रमाणीकरण ::–

यह प्रमाणित किया जाता है कि पीईईओ अधिनस्थ विद्यालयों के विद्यार्थियों को एनएमएमएस परीक्षा 2021 आवेदन पत्रों को आवश्यक दस्तावेजो व संस्थाप्रधान के प्रमाणपत्र सहित प्राप्त कर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दिया गया है। जिनका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है।

क्र.स.	नाम विद्यार्थी	पिता का नाम	विद्यालय का नाम	श्रेणी	शुल्क

कुल राशि ..... (अक्षरे .....) का भुगतान ऑनलाइन/चालन के माध्यम से कर दिया गया है। ये आवेदन पत्र निर्देशानुसार स्थानीय विद्यालय में सुरक्षित रखे जाएंगे।

एनएमएमएस परीक्षा में प्रविष्ट विद्यार्थियों का ब्यौरा

क्र. स.	कुल प्रविष्ट विद्यार्थी			एस सी			एसटी			दिव्यांग			जनरल		
	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग	छात्र	छात्रा	योग

हस्ताक्षर
एनएमएमएस प्रभारी का नाम–
पद.....
मो.न.....

हस्ताक्षर
प्रधानाचार्य नाम.....
विद्यालय की सील.....
मो.न.....

वीक्षकों हेतु निर्देश–

1. केन्द्रोंधीक्षकों द्वारा परीक्षा पूर्व ली जाने वाली परीक्षा की तैयारी बैठक में वीक्षक अनिवार्यतः भाग लें।
2. परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा आरम्भ के समय से दो घण्टे पूर्व विद्यालय पहुँचे।
3. परीक्षा कक्ष में जाने से पहले आपको दी गई सामग्री, उत्तर पत्रक, आवेदन पत्र आदि की पूर्ण जाँच कर ले कि वे आपको आवंटित कक्ष की ही है।
4. यह परीक्षा दो भागों में आयोजित होगी। प्रत्येक भाग 90 मिनट का होगा। प्रथम भाग में मानसिक योग्यता परीक्षण लिया जाएगा। इसके समाप्ति के 30 मिनट बाद शैक्षिक योग्यता परीक्षण होगा।
5. मानसिक योग्यता परीक्षण का उत्तर पत्रक आप अपने साथ कक्ष में लेकर जाएँगे। शैक्षिक योग्यता परीक्षण के उत्तर पत्रक केन्द्राधीक्षक द्वारा मानसिक योग्यता परीक्षण की समाप्ति पश्चात् निर्धारित समय पर आपके कक्ष में पहुँचा दिए जाएँगें।
6. वीक्षक इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी परीक्षार्थी लॉग टेबल, स्लाईड रूल केलकुलेटर, मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइसफोन एवं रफ कार्य के लिए कागज साथ में नहीं लाएँ। परीक्षा में इनका उपयोग वर्जित है।
7. वीक्षक स्वयं भी कक्ष में मोबाइल ना लेकर जायें।
8. कोविड दिशा निर्देशों का पालन करें।

परीक्षा के दिन करणीय कार्य :–

1. केन्द्राधीक्षक परीक्षा के नियत समय से 2 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहँचे।
2. केन्द्र में सफाई, पेय जल व्यवस्था, मूत्रालय एवं शौचालय की स्वस्छता, रौशनी व फर्नीचर की व्यवस्था का अवलोकन कर लें।
3. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को समय–सारणी अनुसार घण्टी बजाने हेतु निर्देशित कराएं।
4. प्रयुक्त उत्तर पत्रक पर लिखे हुए दिशा–निर्देशों के अनुसार पूर्तियों की जाँच करें।
5. कोविड दिशा–निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों का प्रवेश उनकी संख्या के आधार पर 1 से 2 घण्टे पूर्व शुरू करना है।
6. परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व सत्रवार प्रश्न–पत्रों के पैकेट दो वीक्षकों के सामने खोलें एवं कक्षवार जमाकर परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा कक्षों में पहुंचाना सुनिश्चित करें।
7. यह भी सुनिश्चित करें कि नियत समय पर परीक्षा प्रारम्भ हो जाए।
8. परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घण्टे बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दे।
9. परीक्षा व प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखें।
10. सतर्कता व समयबद्धता पूर्वक परीक्षा सम्पन्न करांए।
11. कमरों पर लगाएं गए पर्यवेक्षक को पाबंद करें कि वह वीक्षकों से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित करें कि वीक्षक ने आवश्यक प्रपत्र भरे हो एवं यथा स्थान पर वीक्षकों एवं परीक्षार्थियों ने अपने हस्ताक्षर कर दिये हो। वीक्षक ओ.एम. आर.शीट. पर अंकित परीक्षार्थी का नाम, रोल नं, परीक्षा दिनांक, जाति, निःशक्तता आदि सही भरे है यह सुनिश्चित करे।
12. वीक्षक परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व की 15 मिनट की समयावधि में ही आवश्यक परीक्षा प्रपत्रों की पूर्ति सम्बधी समस्त कार्य पूर्व करें।
13. वीक्षक एवं पर्यवेक्षक इस बात का पूर्व ध्यान रखे कि कोई भी परीक्षार्थी बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं करें। परीक्षा के उपरान्त वीक्षक परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र का नीचे का भाग अनिवार्यतः एकत्रित करें।
14. वीक्षक/पर्यवेक्षक व केन्द्राधीक्षक का यह सामुहिक दायित्व होगा कि वे प्रवेश पत्र से परीक्षार्थी की पहचान सुनिश्चित कर ले, जिससे कि कोई फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा में सम्मिलित न हो सके।
15. वीक्षक यह सुनिश्चित कर ले कि परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी नकल नहीं करे व अनुचित साधन लेकर नहीं आए। केल्क्यूलेटर, मोबाईल के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित है।
16. उपस्थित परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर भी निर्धारित प्रपत्र में अनिवार्यतः करावे।
17. प्रश्न–पत्र छात्रों को ले जाने दे शेष बचे प्रश्न पत्र मॉडल प्रश्न पत्रों हेतु पुस्तकालय में रखे।
18. परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घण्टा बाद कमरों में जाकर अनुपस्थित परीक्षार्थियों की सूचना निर्धारित प्रपत्र में एकत्रित करें।
19. कोविड दिशा निर्देशों का पालन करते हुए थर्मल स्केनर, हैण्ड सेनिटाइजर व हैंडवाश की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उत्तर पत्रक को सील करने की प्रक्रिया :–

1. मानसिक योग्यता के उत्तर पत्रकों को नामांकवार जमाएं।
2. मानसिक योग्यता उत्तर पत्रक से आधा इंच बड़ा गत्ता दोनों और उत्तर पत्रकों के ऊपर व नीचे रखकर धागे से बांधकर यह सुनिश्चित करे कि उत्तर पत्रक क्षतिग्रस्त न हो।
3. उत्तर पत्रकों को फिर खाकी कागज में बांध दें।
4. उत्तर पत्रकों के बण्डल को निर्धारित लिफाफे में रखकर उसको गोंद से चिपका दें एवं चपड़ी से सील कर दें।
5. लिफाफे पर लेबल चस्पा कर दे।
6. इसी प्रकार शैक्षिक योग्यता के उत्तर पत्रकों को मानसिक योग्यता पत्रकों की तरह ही सील बंद करें एवं लेबल चस्पा कर दें।
7. दोनों पैकेट को एक कपड़े के पैकेट में रखकर एक पैकेट बनाएं एवं सील चपड़ी से पैक कर उस पर लेबल चस्पा कर दे।

परीक्षा समाप्ति पर करणीय कार्य :–

परीक्षा समाप्ति के तुरन्त बाद विभिन्न सामग्री के निम्नानुसार बंडल एवं पैकेट बनाएं जाएं।

- परीक्षा समाप्ति पर शेष बचे हुए उत्तर पत्रक का एक पैकेट बनाएं।
- परीक्षोारान्त NMMS के एकत्रित किये हुए उत्तर पत्रक का एक बण्डल बनाएं जिसमें निम्नांकित दो पैकिट होः–
  (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण पैकेट
  (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण पैकेट
- NMMS परीक्षा में उपस्थित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र के नीचे का भाग
- NMMS परीक्षा से पूर्व ऑनलाईन प्राप्त NMMS 2021 के परीक्षार्थियों की नामावली एवं उपस्थित परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर प्रपत्र का एक पैकेट (सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग अजजा, अजा एवं निःशक्त) ऑनलाईन प्राप्त नामावली
- NMMS परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के नाम मय नामांक की सूची निर्धारित प्रपत्र में।
- केन्द्राधीक्षक समग्र प्रतिवेदन।
- वीक्षक ड्यूटी चार्ट एवं अन्य प्रपत्र।
- बजट प्रारूप (व्यय विवरण)

- इन सभी पैकेटो को सील बंद कर परीक्षा समाप्ति उपरान्त उसी दिन नॉडल अधिकारी के माध्यम से आरएससीईआरटी उदयपुर के **शैक्षिक सर्वेक्षण, अनुसंधान एवं नीति परिप्रेक्ष्य प्रभाग** में जमा करवाएं।
- परीक्षा के दौरान उपस्थिति की संख्या दूरभाष पर आरएससीईआरटी उदयपुर को सूचित करे दूरभाष नं. 0294–2418319 अथवा प्रभारी श्री रोहताश मो.न. 7976654597, 9828474829
- परीक्षा में आई किसी भी समस्या के समाधान हेतु भी आरएससीईआरटी उदयपुर में दूरभाष पर सम्पर्क करें।
- परीक्षा के प्रश्न–पत्र परीक्षार्थी को ले जाने देवे।
